हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

प्रेमनगर। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, गृहकार्य की नियमित जांच, पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की मासिक शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखने, घर पर पढ़ाई के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराने और उनकी दैनिक दिनचर्या पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच नियमित संवाद बनाए रखने तथा आपसी समन्वय से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार लाने पर बल दिया गया।

बिना पिटपास के परिवहन करते चार टीपर वाहन जब्त

अम्बिकापुर। खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए चार टीपर वाहनों को पकड़ा है। टीपर वाहनों में बिना पिट पास के ही परिवहन का कार्य चल रहा था। 11 अक्टूबर को खनिज विभाग ने अम्बिकापुर एवं धौरपुर क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन के चार मामले सामने आए, जिनमें चार टीपर वाहनों को जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 29 एएच 8038 के मालिक शैलेश कुमार तथा सीजी 29 एजी 1247 के मालिक मनोज कुशवाहा के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों वाहनों को कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया है। इसी प्रकार वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजे 4223 के मालिक अतुल जायसवाल तथा सीजी 15 ईई 9671 के मालिक इन्द्रदेव गुप्ता के वाहनों पर भी बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर उन्हें जब्त किया गया है। इन दोनों वाहनों को अग्रिम आदेश तक थाना धौरपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार खनिज परिवहन के इन मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4), 21(5) एवं 23 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के 22 जून 2026 को संशोधित नियम 71 के तहत कार्रवाई की जाएगी। संशोधित नियम 71(3) के अनुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में न्यूनतम 25 हजार रूपए का शमन शुल्क अथवा 2 हजार रूपए प्रति टन की दर से निर्धारित राशि जो भी अधिक हो, वसूल किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त संबंधित खनिज का बाजार मूल्य भी वसूल किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़े युवक की मौत

अम्बिकापुर। लगभग 25 वर्षीय युवक 18 मई को



रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पर संजीवनी 108 से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमारी से पीड़ित युवक का अस्पताल में ही उपचार चल रहा था। लंबे समय तक चले उपचार के बाद युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने तथा युवक का पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में शिनाख्त के लिए रख दिया है।

फाइन स्टार को 52 रन से हरा कर ब्रदर्स 11 ने जीता टपरंगा प्रीमियर लीग

रायगढ़। ग्राम टपरंगा में पहली बार टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। फाइनल मुक़ाबला फाइन स्टार और ब्रदर 11 के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में 125 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन स्टार की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 72 रन बना सकी और 52 रनों के विशाल अंतर से फाइनल मुकाबला हार गई! फाइनल मैच और प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार ब्रदर्स 11 के दीपक गुप्ता को दिया गया। जिंदल पॉवर के जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ 5 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 टीम शामिल हुई, इससे पहले 140 खिलाड़ियों की नीलामी आई पी एल के तर्ज़ पर हुई, खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों ने ख़रीदा! प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। फाइनल मुकाबला सोमवार 12 अक्टूबर को खेला गया। फाइन स्टार के कप्तान आदी भगत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ब्रदर्स 11 के खिलाड़ियों ने धमाकेदार शुरुआत की और निर्धारित 10 ओवर में 124 रनो का पहाड़ खड़ा कर दिया! 12.5 रन प्रति ओवर की आस्किंग रेट से रन बनाने का दबाव फाइन स्टार के खिलाड़ियों पर शुरु से दिखाए एक भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। लिहाजा पूरी टीम 10 ओवर भी नहीं खेल सकी और 72 रन पर ऑल आउट हो गई।

सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर दौड़ा सूरजपुर

मंत्री ने रैली में शामिल होकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



रैली में शामिल कैबिनेट मंत्री व अन्य।

खास बात

- मैराथन में लगभग 800 लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित यातायात का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अपना हेल्प क्यूआर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मैराथन में लगभग 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मैराथन का शुभारंभ राजमोहनी माता चौक से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री एवं महिला बाल विकास विभाग मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने स्वयं बाइक रैली में शामिल होकर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चालन का संदेश दिया। मैराथन का समापन साधुराम सेवा कुंज में हुआ। इस दौरान रोड सेफ्टी मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी अपना हेल्प क्यूआर के लोगो का शुभारंभ भी किया गया। इस पहल के माध्यम से तकनीक का उपयोग कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करते थे। उन्होंने युवाओं से कहा कि सुरक्षित यातायात की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी। सड़क सुरक्षा के नियमों को केवल याद रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाना भी जरूरी है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति ली गई शपथ स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे परिवार को अनेक कठिनाइयों और संकटों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शपथ लेने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका गंभीरता से पालन करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए, तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल 5 किलोमीटर की दौड़ नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक जागरूकता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, श्रीमती स्वाति सिंह, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, वनमण्डलाधिकारी विपुल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक व मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

आपातकाल में मददगार बनेगी डिजिटल पहल

अपना हेल्प क्यूआर जिले में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया गया है। इस पहल के माध्यम से नागरिकों को एक ही क्यूआर कोड स्कैन करने पर अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस एवं पुलिस को कॉल करने, परिजन को सूचना पहुंचाने तथा गलत पार्किंग की स्थिति में वाहन मालिक को अलर्ट भेजने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रणाली में उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी एवं पहचान की गोपनीयता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



प्रेमनगर महाविद्यालय में गूंजी जनकल्याणकारी योजनाओं की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, उनके मुख्य उद्देश्यों और समाज के विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अभिव्यक्ति कौशल, मंच का डर दूर करना, तार्किक चिंतन, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना को विकसित करना था।

- भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की, जबकि इसका सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक हरिशंकर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिरदार उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों के बीच निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में प्रीति सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुशील कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा बेलमती ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि श्रीमती नयन सिरदार ने कहा कि भाषण प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखने की क्षमता विकसित करने का अच्छा माध्यम हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस दौरान श्रीमती पूर्णा जायसवाल, महेंद्र कुमार यादव, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कंचन सिरदार, श्रीमती पुनिया राजवाड़े, गणेश सिरदार, सुखसाय रौतिया के अलावा रविशंकर उर्रे,हीरालाल सिंह, डॉ. संजय वर्मा, मनबोध कुजूर, डंकेश्वर बर्मन, जयशंकर, सोनाली किंडो, अन्नु सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

मैनपाट में कल सजेगा तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का रंगारंग मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवरात्रि के उत्साह और उत्सव को यादगार बनाने के लिए मैनपाट में 15 अक्टूबर को तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का भव्य आयोजन किया जाएगा। हैप्पी इवेंट्स, तथा स्तु हिल्स रिसॉर्ट और सानू टेंट हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह रंगारंग कार्यक्रम तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट, मैनपाट में शाम 6 बजे से शुरू होगा। आयोजन में पारंपरिक गरबा-डांडिया के साथ लाइव म्यूजिक, डांस, आधुनिक संगीत और मनोरंजन की विभिन्न प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पिछले आयोजन को मिली सफलता के बाद इस बार कार्यक्रम को और भी भव्य स्वरूप दिया गया है। आयोजकों का उद्देश्य नवरात्रि के उल्लास को संगीत, नृत्य और पारिवारिक मनोरंजन के साथ एक यादगार उत्सव में बदलना है।

- गरबा-डांडिया, लाइव म्यूजिक, डीजे और डांस प्रतियोगिताओं से सजेगी शाम, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2' में संगीत और मनोरंजन का विशेष संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में रंग-राग लाइव बैंड अपनी संगीतमय प्रस्तुति देगा, वहीं डीजे हर्ष अपनी धुनों से प्रतिभागियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। इसके साथ ही दादा 22_11 के साथ आधुनिक रैप का रंग भी देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का एक अन्य विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ी सिनेमा (छॉलीवुड), बॉलीवुड और भोजपुरी जगत से जुड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। रामायण के कलाकार विवेक चंद्रा भी आयोजन में विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम की मेजबानी और मनोरंजन की जिम्मेदारी मॉमिता गांगुली संभालेंगी, जो अपनी प्रस्तुति से शाम को और भी मनोरंजक बनाएंगी। आयोजन में मनोरंजन के साथ प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इसके लिए बेस्ट कपल, बेस्ट डांस ग्रुप और बेस्ट ड्रेस एंड कॉस्ट्यूम जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ खानपान की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। इसके लिए फेस्टिव फूड एवं बेवरेज काउंटर लगाए जाएंगे। आयोजन के टाइटल स्पॉन्सर डॉ. डी.के. सोनी हैं, जबकि डीपीएस स्कूल, अंबिकापुर स्पॉन्सर्ड बाय के रूप में जुड़ा है। तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट आयोजन का वेन्यू पार्टनर है।

21 प्रकरणों में वसूला 39 हजार 200 रुपए

यातायात पुलिस की सख्ती, नो एंट्री पर वाहन दौड़ने वाले 15 चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन के नेतृत्व मे यातायात विभाग द्वारा रामानुजगंज में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इस दौरान नो-एंट्री में वाहन प्रवेश करने के 15 प्रकरणों सहित कुल 21 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 39 हजार 200 रुपए का शमन शुल्क लगाया गया। यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित मार्ग एवं यातायात संकेतों का सम्मान करने तथा सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई। यातायात विभाग ने वाहन चालकों से नो-एंट्री एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन न की सलाह दी।



पिता ने पैसा नहीं दिया तो पुत्र ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। पिता द्वारा पैसा नहीं देने तथा दूसरे से पैसा दिलवाने से नाराज हुए पुत्र ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम चिकनी निवासी कृष्णा सिंह आ. दयाराम (28 वर्ष) सोमवार को शराब पीकर घर आया ओर पिता से 5 हजार रूपए की मांग की। पिता ने कैश नहीं होने तथा मोबाइल में पैसा होने की बात कही तभी पुत्र संतोष आ गया। संतोष को देख पिता ने कृष्णा को पैसा देने की बात कही तो कृष्णा नाराज होकर घर से चला गया। इसी बीच पिता भी ड्यूटी चला गया। दोपहर को परिजन ने बताया कि कृष्णा ने कीटनाशक पी लिया है और उसे अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कुंवरपुर में दस दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण में आधुनिक मत्स्य पालन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय विभागीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मछुआरों को आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य निरीक्षक शुभम साहू ने मछुआ प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक मत्स्य पालन की विधियों, मछली उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मछुआरों को मत्स्य पालन को आय एवं स्वरोजगार का बेहतर साधन बनाने के लिए विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से मछुआरों को मत्स्य पालन की नई तकनीकों को समझने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुन्नी मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल मंत्री छोटेलाल मिंज, मोती राम एवं लालसाय शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में मछुआ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

सड़क-नाली की समस्या को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। वार्ड में सड़क, नाली निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद बाबर इदरिसी ने ननि आयुक्त से मुलाकात की। पार्षद ने वार्डवासियों के साथ आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षद बाबर ने बताया कि नवागढ़ वार्ड में विगत कई वर्षों से सड़क बदहाल स्थिति में है जबकि कई स्थानों पर नालियों का निर्माण ही नहीं हुआ है। कई स्थानों पर नालियां बजबजा रही है। उन्होंने बताया कि घुटरापारा हुसैनी नगर, महामाया पारा में आज तक नाली का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने इन्डियन पब्लिक स्कूल से लेकर अमृत विश्वकर्मा के घर तक, महामाया पारा में दो सौ मीटर, टाइल्स मिस्त्री कालोनी में दो सौं मित्र, अटल चौक के पास चार सौ मीटर नाली का निर्माण कराया जाना है। पार्षद व वार्ड वासियों की मांग पर ननि आयुक्त ने 15 दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। पार्षद ने निर्धारित समय में नाली निर्माण नहीं होने पर चक्का जाम, निगम घेराव की चेतावनी दी है। इस दौरान सरीफ खान, युसूफ अंसारी, साजिद, मुर्तजा, बबल शर्मा, असरफ, मुना, वसीम सहित अन्य मौजूद थे।



पृष्ठ 3 का शेष

राशन के लिए पहाड़...

और मंटोलिया गांव आते हैं। इन पांच गांवों में करीब 450 राशन कार्डधारी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण राशन वितरण के दौरान ई-पॉस मशीन से फिंगरप्रिंट का सत्यापन कराने में दिक्कत आती है। ऐसे में नेटवर्क मिलने की उम्मीद में लोगों को पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है। वहां भी कमजोर सिग्नल के कारण प्रक्रिया तुरंत पूरी हो जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं रहती। ग्राम पंचायत गढ़वार की दूरी भरतपुर विकासखंड मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से लगभग 155 किलोमीटर बताई गई है। आदिवासी बहुल और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा देती है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन जैसी जरूरी सुविधा के लिए बार-बार पहाड़ चढ़ना उनकी मजबूरी बन गई है।

100 लोगों में...

स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में वीआई नेटवर्क का टावर होने के बावजूद इंटरनेट की सुविधा सुचारु रूप से नहीं मिल रही है। मोबाइल पर बातचीत हो जाती है, लेकिन ऑनलाइन काम के लिए जरूरी इंटरनेट की गति पर्याप्त नहीं रहती। सरपंच ने क्षेत्र में 4जी नेटवर्क की सुविधा बेहतर करने की मांग की है।

कमिश्नर ने आंगनबाड़ी...

खेल-खेल में नई चीजें सीखने, अपनी कल्पनाशक्ति विकसित करने तथा सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिलेंगे। इससे बच्चों में रचनात्मकता, आपसी सहयोग, सामाजिक व्यवहार, संवाद कौशल एवं सीखने की क्षमता के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

एमसीबी पहुंचे कमिश्नर...

कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने 1 अक्टूबर 2025 से अब तक राजस्व न्यायालयों में दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण के 330, अविवादित खाता विभाजन के 55 तथा विवादित खाता विभाजन एवं सीमांकन के 15 लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार, नजूल तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित 46 प्रकरणों को भी शीघ्र निराकरण करने को कहा। भूमि अभिलेखों में त्रुटि सुधार एवं प्रविष्टि संबंधी विवादों की समीक्षा के दौरान कुल 429 प्रकरणों में से 359 निराकरण तथा 70 लंबित पाए गए। इनमें 55 प्रकरण समय-सीमा से बाहर थे, जबकि 27 प्रकरणों में विलंब का कारण दर्ज नहीं था।

अनुपस्थित डॉक्टर को...

स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने और सेवाओं की समीक्षा कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुडार में कलेक्टर ने कर्मचारियों से प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों और उपलब्ध उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को केन्द्र में चिकित्सक पदस्थ करने के निर्देश दिए। साथ ही बुडार में अनुपस्थित रहने वाली डॉक्टर सृष्टि शिवहरे को नोटिस जारी करने को कहा। कलेक्टर ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिलना सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने प्रसवपूर्व देखभाल एंटीनेटल केयर (एएनसी) की स्थिति की भी समीक्षा की। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण अभिलेखों का अवलोकन कर नियमित जांच और माँ एवं शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरभोका में निरीक्षण के दौरान देर से पहुँचने वाली आरएचओ श्रीमती लक्ष्मी कन्नौजे को कलेक्टर ने फटकार लगाई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खण्ड चिकित्सा अधिकारी को लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बिहारपुर वन परिक्षेत्र में छिंद तस्करी ग्रामीणों ने पकड़ा पिकअप

हरिभूमि न्यूज : बिहारपुर

सुदूर वनांचल बिहारपुर वन परिक्षेत्र और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगे सीमावर्ती जंगलों में छिन्द की अवैध कटाई और तस्करी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगलों में बेश कीमती छिन्द प्रजाति की कटाई कर परिवहन किया जा रहा है। महुली चौक के पास ग्रामीणों ने छिन्द से लदा एक संदिग्ध पिकअप पकड़कर वन विभाग के हवाले की और कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के मुताबिक जंगलों में छिन्द पेड़ों की कटाई कर परिवहन का सिलसिला लंबे समय से जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि पकड़ा गया पिकअप को वन विभाग के कार्यालय ले जाने के बाद कुछ ही घंटों में छोड़ दिया गया, जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतापपुर क्षेत्र के कुछ छिन्द तस्कर जंगलों में सक्रिय हैं और रात के समय छिन्द की कटाई कर छिन्द को दूसरे क्षेत्रों में ले जाया जाता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, छिन्द के अवैध परिवहन पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 शहर के बीच स्थित करसू तालाब बना असामाजिक तत्वों का अड्डा



खबर संक्षेप

सरगुजा ओलंपिक स्पर्धा का अंतिम दिवस आज

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर के मध्य मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस में कराटे, कबड्डी रस्साकस्सी मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में संपन्न होगा तथा वहीं फुटबॉल मैच 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों का प्रतियोगिता खेल मैदान सलका में संपन्न होगा। सहायक नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर ए. पन्ना ने सभी पंजीकृत खिलाड़ियों को निर्धारित समय एवं नियत स्थल पर उपस्थित कराने सम्बंधित सचिव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एमसीबी जिले में 1228.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 1 जून से 14 अक्टूबर तक 1228.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में कोटाडोल तहसील में सर्वाधिक 1599.5 मिमी, जबकि खड़गवां में न्यूनतम 920.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार मनेन्द्रगढ़ में 1207.0 मिमी, चिरमिरी में 1113.9 मिमी, केल्हारी में 990.8 मिमी, भरतपुर में 1538.0 मिमी तथा कोटाडोल में 1599.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

प्रवेश के लिए काउंसलिंग 16 को

बैकुण्ठपुर। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर 228 रिक्त सीट के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसलिंग के लिए 16 अक्टूबर को प्रातः 10.30 से शाम 05.00 बजे तक कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर ब्लाक 5 तृतीय तल हॉल नंबर 4 में छात्र - छात्राओं को निर्धारित काउंसलिंग तिथि एवं समय पर अनिवार्य दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के मंशानुसार 13 अक्टूबर को स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बैकुंठपुर जिला-कोरिया छ.ग. में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 151 पदों के लिए 962 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन पंजीयन किया गया जिसमें लगभग 387 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए। विभिन्न निजी नियोजक संस्थाओं द्वारा भाग लेकर युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर प्रदान करने की पहल की गई है। रोजगार मेले में जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बिजुरी में महिला को सांप ने काटा, अस्पताल में भर्ती

बिजुरी। थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 स्थित माइंस कॉलोनी में एक महिला को सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद ली और महिला को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सांप के काटने से प्रभावित महिला की पहचान रोशनी सिंह के रूप में हुई है।

नेटवर्क के अभाव में अटक रहा बायोमेट्रिक सत्यापन, बुजुर्गों के लिए हर महीने पहाड़ चढ़ना बना चुनौती

राशन के लिए पहाड़ चढ़ते हैं ग्रामीण, गढ़वार पंचायत के 5 गांवों के 450 कार्डधारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

जिस उम्र में बुजुर्गों को सहारे की जरूरत है, उस उम्र में उन्हें अपने हिस्से का राशन पाने के लिए पहाड़ चढ़ने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है। किसी के हाथ में लाठी है तो किसी के कदम लड़खड़ाते हैं, लेकिन पेट भरने के लिए मिलने वाले सरकारी अनाज का हक हासिल करने के सामने उनकी बेबसी भारी पड़ रही है।

यह तस्वीर एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वार और उसके आश्रित गांवों की है, जहां मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की समस्या ने गरीबों के राशन वितरण को मुश्किल बना दिया है। हालात ऐसे हैं कि गांव में ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पाता। नेटवर्क की तलाश में ग्रामीणों को पहाड़ पर जाना पड़ता है। यानी डिजिटल व्यवस्था से राशन वितरण को आसान बनाने का दावा यहां ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सबसे चिंताजनक स्थिति बुजुर्ग हितग्राहियों की है। उनके लिए पहाड़ पर चढ़ना और उतरना किसी जोखिम से कम नहीं, लेकिन राशन पाने के लिए हर महीने यह मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत गढ़वार के अंतर्गत गढ़वार सहित पटपरटोला, दरीटोला, चंदेला ⏭ शेष पेज 2 पर





मौके पर जाकर फिर करेंगे जांच

मामले में खाद्य निरीक्षक प्रवीण मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत गढ़वार क्षेत्र में निजी कंपनी का नेटवर्क उपलब्ध है। वे पहले भी मौके पर जाकर नेटवर्क की स्थिति का निरीक्षण कर चुके हैं और उस समय वहां नेटवर्क मिला था। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अगले दिन दोबारा मौके पर जाकर जांच करेंगे और नेटवर्क की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे।

100 लोगों में मुश्किल से 15 का सत्यापन

ग्राम पंचायत गढ़वार के सरपंच और उचित मूल्य दुकान विक्रेता रामफल पंडो ने बताया कि पंचायत के पांच गांवों में करीब 450 राशन कार्डधारी हैं। नेटवर्क की समस्या के कारण राशन वितरण के दौरान ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में पहाड़ों पर जाना पड़ता है। इसके बावजूद कई बार इंटरनेट की गति इतनी धीमी रहती है कि काम पूरा नहीं हो पाता। सरपंच के अनुसार, कभी-कभी 100 लोगों के फिंगरप्रिंट सत्यापन के प्रयास में मुश्किल से 15 लोगों की प्रक्रिया पूरी हो पाती है। इससे राशन वितरण प्रभावित होता है और हितग्राहियों को इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों को होती है, जिन्हें पहाड़ चढ़ने और उतरने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रामफल पंडो ने बताया कि इस समस्या से कई बार खाद्य निरीक्षक को अवगत कराया गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर के समक्ष भी आवेदन देकर समाधान की मांग की गई है, लेकिन उनके अनुसार अब तक ⏭ शेष पेज 2 पर

कोई सहारा दे तो पहाड़ चढ़ जाऊं

गढ़वार की बुजुर्ग महिला दुआसिया की पीड़ा इस समस्या की गंभीरता को बयां करती है। बढ़ती उम्र के कारण उनके लिए सामान्य रूप से चलना-फिरना भी कठिन हो गया है। ऐसे में राशन के लिए पहाड़ चढ़ने की बात ही उन्हें परेशान कर देती है। दुआसिया के मुताबिक, गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण फिंगरप्रिंट लगवाने के लिए पहाड़ पर जाना पड़ता है। अब अकेले पहाड़ चढ़ना उनके लिए संभव नहीं है। उनका कहना है कि यदि कोई सहारा देकर पहाड़ तक पहुंचा दे, तो वे किसी तरह वहां जाकर सत्यापन करा सकती हैं। हितग्राही रमर्जिया और सत्यवती भी इसी समस्या से जूझ रही हैं। उनका कहना है कि ऑनलाइन राशन वितरण शुरू होने के बाद से फिंगरप्रिंट सत्यापन कराने के लिए नेटवर्क की तलाश में पहाड़ पर जाना पड़ रहा है। गांव में सिग्नल नहीं मिलने के कारण पंचायत भवन में भी प्रक्रिया पूरी कराने में परेशानी होती है। नेटवर्क मिलने पर ही बायोमेट्रिक सत्यापन हो पाता है। ग्रामीणों के अनुसार, राशन लेना जरूरी है, इसलिए मजबूरी में पहाड़ चढ़ना पड़ता है। गढ़वार निवासी बुजुर्ग जयकरण सिंह बताते हैं कि पिछले करीब एक साल से नेटवर्क की समस्या के कारण उन्हें राशन लेने के लिए पहाड़ पर चढ़ना पड़ रहा है। उम्र बढ़ने के साथ पहाड़ पर चढ़ना और उतरना उनके लिए कठिन होता जा रहा है, लेकिन राशन पाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं दिखता। कई बार पहाड़ पर पहुंचने के बाद ही फिंगरप्रिंट का सत्यापन हो पाता है। वहीं ग्रामीण रामप्रसाद सिंह के मुताबिक, गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण करीब 150 मीटर ऊंचे पहाड़ पर चढ़कर फिंगरप्रिंट लगवाना पड़ता है। कई बार बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए दो से तीन दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। कमजोर नेटवर्क के कारण बार-बार प्रयास करना पड़ता है, जिससे समय और मेहनत दोनों बर्बाद होते हैं। रामप्रसाद का कहना है कि राशन जैसी बुनियादी सुविधा के लिए इतनी परेशानी उठाना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की है कि नेटवर्क की समस्या दूर कर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे ग्रामीणों को बार-बार पहाड़ पर जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।



बुधवार की जगह गुरुवार को लगेगा साप्ताहिक बाजार

विजयादशमी पर्व के कारण लिया गया निर्णय

मनेन्द्रगढ़। नगर में प्रत्येक सप्ताह बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार अगले सप्ताह अपने निर्धारित दिन बुधवार की बजाय गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। बुधवार को विजयादशमी पर्व होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

पर्व के दौरान शहर में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को देखते हुए साप्ताहिक बाजार के दिन में परिवर्तन किया गया है। साप्ताहिक बाजार में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक पहुंचते हैं। बुधवार को विजयादशमी का पर्व होने के कारण बाजार क्षेत्र में भीड़ और यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए बाजार को एक दिन आगे करने का निर्णय लिया गया है। इस बदलाव के तहत अगले सप्ताह बुधवार को साप्ताहिक बाजार नहीं लगेगा, बल्कि उसके अगले दिन गुरुवार को साप्ताहिक बाजार पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आयोजित किया जाएगा। बाजार में सब्जी, फल, अनाज, कपड़े, घरेलू उपयोग की वस्तुओं सहित विभिन्न प्रकार की सामग्री की दुकानें सजेंगी। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छोटे व्यापारियों के लिए भी गुरुवार का दिन बाजार लगाने के लिए निर्धारित रहेगा। बाजार के दिन में हुए इस परिवर्तन की जानकारी व्यापारियों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाना जरूरी है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में खरीदारी और बिक्री के लिए आने वाले लोगों को संशोधित दिन की जानकारी होने से अनावश्यक आवागमन से बचा जा सकेगा। विजयादशमी पर्व को लेकर नगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केंद्र हर्रा में बच्चों को वितरित किए खिलौने



नागपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने बुधवार को मनेन्द्रगढ़ परियोजना अंतर्गत सेक्टर नागपुर के आंगनबाड़ी केंद्र हर्रा में जनसहयोग से प्राप्त खिलौनों का बच्चों को वितरण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए बेहतर एवं आनंददायक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सरगुजा संभागायुक्त श्री दुग्गा ने आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित खिलौना वितरण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया गया। जनसहयोग से प्राप्त खिलौनों के माध्यम से बच्चों को ⏭ शेष पेज 2 पर

सोनहत में अब हर बुधवार जनदर्शन

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव की पहल पर सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक बुधवार को अनुभाग स्तरीय जनदर्शन आयोजित किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सोनहत अपने कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनेंगे। कलेक्टर श्रीमती यादव ने 13 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया है। कलेक्टरेट कार्यालय में आयोजित नियमित जनदर्शन के अतिरिक्त की गई यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्थानीय स्तर पर अपनी बात रखने का अवसर उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने बताया कि सोनहत विकासखण्ड के अनेक क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दूरस्थ एवं वनांचल में स्थित हैं। इन क्षेत्रों के नागरिकों को अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर जिला मुख्यालय तक आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए सोनहत में ही जनदर्शन की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है, जिससे प्रशासन तक नागरिकों की पहुँच अधिक सहज हो सके। श्रीमती यादव ने कहा कि आम नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सोनहत में आयोजित जनदर्शन में नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

- सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आयोजन

एमसीबी पहुंचे कमिश्नर नरेन्द्र, लंबित राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण

मनेन्द्रगढ़। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों, नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, डायवर्सन, भूमि अभिलेख सुधार, नक्शा अद्यतन, न्यायालयीन मामलों सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, उपायुक्त आर.के. खूंटे, उपायुक्त श्रीमती शारदा अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने 1 अक्टूबर 2025 से अब तक राजस्व न्यायालयों में दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण के 330, अविवादित खाता विभाजन ⏭ शेष पेज 2 पर



घुटरा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम



मनेन्द्रगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुटरा, जिला एमसीबी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के साथ समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा के महत्व, समान अवसरों की आवश्यकता तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया। छात्राओं को बताया गया कि शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बालिकाएं न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

दिवंगत कर्मी के परिजन को मिली बीमा की राशि

बैकुण्ठपुर। भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर शाखा द्वारा एक बार फिर से दिवंगत शासकीय कर्मचारियों के परिजन को शासकीय सैलरी पैकेज के अंतर्गत मिलने वाले बीमा लाभ को प्रदान किया गया।



स्व. पूर्णिमा चक्रवर्ती जो कि जिला अस्पताल में कार्यरत थी, उनका दुखद निधन हो गया था। उनकी पुत्री श्रीमती दीपा घोसल को मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बलवंत सिंह और एसबीआई के मुख्य प्रबंधक रामजी सोनी द्वारा दस लाख का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के कार्यों की सराहना की और सभी स्वास्थ्य विभाग के नियमित कर्मचारियों को अपने खाते को एसबीआई सैलरी पैकेज में कराने के लिए निर्देश दिए। एसबीआई के मुख्य प्रबंधक श्री सोनी ने बताया कि इस माह कृषि विभाग के दिवंगत कर्मचारी स्व विनोद कुमार चक्रधारी और शिक्षा विभाग की कर्मचारी स्व. विक्टोरिया एक्का के परिजन को भी दस-दस लाख रूपए का बीमा लाभ बैकुंठपुर शाखा द्वारा प्रदान किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारी सीजन में व्यक्तिगत ऋण, होम लोन, कार लोन, स्वर्ण ऋण आदि ऋणों में भारतीय स्टेट बैंक की आकर्षक ब्याज दरों का फायदा भी ग्राहक उठा सकते हैं।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव के नेतृत्व में जेएनयू मणिपुर के कांग्रेस सांसद पर छात्राओं के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के मामले मे नगर पालिका शिवपुर चरचा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बसंत राय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रेनू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता एवं रेखा वर्मा, जिला महामंत्री ममता कुशवाहा, कुन्ती चक्रधारी, वर्षा साहू, सुश्री साक्षी सिंह, प्रियंका सिंह, दीपा राजेश सिंह, उर्मिला सिंह, सीमा सिंह, सिमरन श्रीवास्तव, प्रियंका विश्वकर्मा, शिल्पा शर्मा, अनिता गुप्ता, रामकली पाल एवं दीक्षा राजवाड़े सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बुडार, सरभोका और पटना के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, दिए गए निर्देश

अनुपस्थित डॉक्टर को नोटिस, देर से पहुंची कर्मी को कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सख्त नाराजगी जताई है। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुडार एवं सरभोका और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित डॉक्टर को नोटिस जारी करने तथा देर से पहुंचने वाली कर्मचारी को फटकार लगाते हुए समय पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में दायित्वों के निर्वहन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुबह से दोपहर तक चले निरीक्षण और समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, ओपीडी संचालन, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, आवश्यक अभिलेखों और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को ⏭ शेष पेज 2 पर





अभिलेख व्यवस्थित रखने और परिसर की सफाई के निर्देश

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक रजिस्टर एवं पंजी उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना परिसर के उद्यान में खरपतवार और घासफूस की सफाई नहीं होने पर कलेक्टर ने बीएमओ पर नाराजगी जताई। उन्होंने उद्यान एवं परिसर को साफ रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों के परिजन वहां बैठ सकें।

स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करें

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में कलेक्टर ने शिकायत पेटी में प्राप्त शिकायत पत्रों का अवलोकन किया। ओपीडी काउंटर पर मरीजों की भीड़ देखकर उन्होंने चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति और समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा को रात के समय भी डॉक्टर और आवश्यक कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के सभी वार्डों एवं शौचालयों की नियमित सफाई कराने को कहा। कलेक्टर ने साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डॉक्टरों और कर्मचारियों से कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ आत्मीय और विनम्र व्यवहार करें। उपचार के लिए आने वाले लोग स्वास्थ्यकर्मियों पर भरोसा करते हैं और इस भरोसे को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अच्छा व्यवहार मरीजों की तकलीफ कम करने में सहायक होता है। उन्होंने सीएमएचओ और बीएमओ को समय पर जांच एवं उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित और बेहतर सेवाओं से लोगों का स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रति विश्वास बढ़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में कलेक्टर ने मितानिनों की बैठक लेकर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, वजन और भोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने मितानिनों से कहा कि गर्भवती महिलाएं उन पर भरोसा करती हैं। इस विश्वास को बनाए रखते हुए उन्हें आवश्यक देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

खबर संक्षेप

सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ 16 को

रामानुजगंज। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 16 अक्टूबर को ज्योत प्रज्वलन, भजन-कीर्तन, सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्राचीन हनुमान मंदिर समिति, मध्य बाजार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद भजन-कीर्तन, सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 16 अक्टूबर की शाम 5 बजे से ज्योत, भजन, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। रात्रि 8 बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने नगर वासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि यदि संभव हो तो वे अपने साथ एक प्लेट में दीपक, चावल, रोली, चंदन एवं पुष्प लेकर आएं। सुंदरकांड पाठ के लिए पुस्तक की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी, जिससे श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ में शामिल हो सकेंगे।

सब-जूनियर कैडेट जूडो स्पर्धा में आर्यन ने जीता कांस्य पदक

बिश्रामपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में 9 एवं 10 अक्टूबर को बिलासपुर में 26वीं



सब-जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, प्रतियोगिता में एक्सेलेंस जूडो क्लब, बिश्रामपुर के प्रशिक्षक एमडी अयान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने भी सहभागिता की,उक्त प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ी आर्यन नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है, वहीं अर्चित सिंह,अभिषेक शाह एवं लक्ष्य थापा ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया, आर्यन नायक एवं सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सूरजपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने शुभकामनाएं दीं।कोच एमडी अयान ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है।

बच्चों से खुलकर संवाद करने का दिया संदेश

मनेन्द्रगढ़। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 10 से 16 अक्टूबर 2026 तक संचालित मन जागृति अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जगह-जगह विराजी मां दुर्गा...



स्कूल ग्राउंड सागरपुर बैकुण्ठपुर में विराजी मां दुर्गा।



प्रेमाबाग बैकुण्ठपुर में विराजी मां दुर्गा।

शाम ढलते ही तालाब किनारे करते है नशाखोरी

शहर के बीच स्थित करसू तालाब बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

नशेड़ियों के जमावड़ा होने से मोहल्ले वासियों को परेशानी

मोहल्ले के लोगों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

नगर निगत द्वारा शहर की सुन्दरता बढ़ाने के लिए न सिर्फ प्रयासरत है बल्कि विभिन्न योजनाओं के तहत शहर को सुन्दर बनाने के लिए कार्य करा रही है। जिसमें से एक शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण भी शामिल है। पिछले कुछ साल के भीतर ही अधिकांश तालाबों का सौंदर्यीकरण हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के बाद अब न सिर्फ असामाजिक तत्व ने तालाब को अपना अड्डा बना लिया है बल्कि नशाखोरी करने के बाद तालाब में किए गए सौंदर्यीकरण सामान को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए है। कुछ इस तरह की स्थिति शहर के बीच स्थित करसू तालाब की है जहां शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है जो खुलेआम नशाखोरी करते है। तालाब के आसपास असामाजिक तत्वों के मौजूद होने से मोहल्ले के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शहर में लगभग 20 से अधिक तालाब है और लगभग अधिकांश तालाबों का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसमें शहर के बीच करसु तालाब भी शामिल है। नगर निगम द्वारा तालाब के संरक्षण तथा आसपास के लोग तालाब के पानी का निस्तारण के लिए उपयोग कर सके इसके लिए साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण किया है। तालाब की सुन्दरता बढाने तथा मोहल्ले के लोग सुबह शाम तालाब के समीप बैठ सके इसके लिए लाइट, लोहे की कुर्सी की व्यवस्था की गई थी। सौंदर्यीकरण से न सिर्फ तालाब का अस्तित्व बदला बल्कि मोहल्ले की भी रौनक बढ़ गई है। लगभग दो साल पूर्व ही शहर के बीच करसु तालाब का लाखों खर्च कर सौंदर्यीकरण किया गया परंतु क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्व डूब लाईट सहित पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। यहां तक की तालाब की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे की रेलिंग को कुछ जगह से काट कर ले गए। हालांकि पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त करने से काफी हद तक असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा था लेकिन पुलिस की नियमित गश्त नहीं होने से एक बार फिर शहर के बीच करसू तालाब को असामाजिक तत्वों ने अपना अड्डा बना लिया है। शाम ढलते ही न सिर्फ तालाब के समीप असामाजिक तत्व एकत्र हो जाते है बल्कि खुले आम नशा खोरी करते है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि पहले शाम के समय मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे तालाब के पास टहलने जाते थे लेकिन असामाजिक तत्वों के मौजूद होने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने से महिलाएं व युवती अब तालाब के आसपास जाना मुनासिब नहीं समझते।



करसू तालाब किनारे नशा करते युवकों का जमावड़ा।

हर तरह की करते है नशा

हर शाम जिस तालाब के किनारे लोगों की भीड़ लगती थी वहीं अब तालाब की दुर्दशा की वजह से लोगों की भीड़ तो गायब हो गई है। शहर के करसु तालाब सहित अन्य तालाब ऐसे है जहां शाम ढलते ही नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। जहां बड़ी संख्या में असमाजिक तत्वों एकत्र होकर देर रात तक तालाब के आसपास मंडराने के साथ ही उत्पात मचाने लगते है। जिस कारण नशे का गढ़ माने जाने वाले मोहल्ले में जोड़ा तालाब, ब्रम्हपारा, सती पारा का यह क्षेत्र भी पुलिस की डायरी में अंकित है।

करेंगे पुलिस अधीक्षक से शिकायत

मोहल्ले के लोगों ने करसु तालाब में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि करसू तालाब के समीप खुलेआम नशा खोरी करने से इसका विपरीत असर बच्चों पर पड़ता है। शाम के समय कई महिलाएं व युवती तालाब के समीप घूमने जाते थे लेकिन अब जाना छोड़ दिया है। जल्द ही असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करेंगे।

पहुंचा रहे नुकसान

शहर के जिन तालाबों का सौंदर्यीकरण हुआ है उन तालाबों में कुछ साल पूर्व ही लोगों के बैठने के लिए लोहे की कुर्सी सहित रौशनी के लिए लाइट की व्यवस्था की गई थी। परंतु असामाजिक तत्वों ने न सिर्फ लाइट को तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचा बल्कि कई तालाबों से लोगों के लिए बैठने के लिए लगाए गए लोहे के बेच को पार कर दिया। शाम ढलने के बाद पूर्व में करसू तालाब डूम लाइट के रोशनी से जगमगाता था वहीं अब शाम होते ही तालाब के आसपास अंधेरा परस जाता है जिसका फायदा उठाकर नशेड़ी खुलेआम नशाखोरी करते है।

प्री-आरडीसी में राहुल और निषा का चयन

नवंबर में जोन स्तरीय चयन प्रक्रिया में होंगे शामिल चयनित होने पर कर्तव्य पथ परेड में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडीसी चयन प्रक्रिया में कोरिया जिले के दो राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों राहुल कुशवाहा और निषा बखला का चयन हुआ है। राहुल पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय, पटना के स्वयंसेवक हैं, जबकि निषा बखला शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुण्ठपुर की स्वयंसेविका हैं। दोनों अब नवंबर में आयोजित होने वाले जोन स्तरीय प्री-आरडीसी चयन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्वयंसेवकों का चयन विभिन्न चरणों में किया जाता है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडीसी चयन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के खेल मैदान में किया गया। इसमें सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से चयनित स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय के संयोजन में गठित चयन समिति ने प्रतिभागियों की ऊंचाई माप, दौड़, परेड, कमांडिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुति और साक्षात्कार के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में विश्वविद्यालय स्तर पर दो महिला और दो पुरुष स्वयंसेवकों का चयन किया गया, जिसमें कोरिया जिले के राहुल कुशवाहा और निषा बखला ने स्थान बनाया। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित स्वयंसेवक अब नवंबर में होने वाले जोन स्तरीय प्री-आरडीसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां चयनित होने पर उन्हें 26 जनवरी 2027 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। राहुल और निषा की इस उपलब्धि से जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार में हर्ष का माहौल है। दोनों स्वयंसेवकों की उपलब्धि पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय, जिला संगठक डॉ. एमसी हिमधर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप, डॉ. शिवशंकर राजवाड़े, कार्यक्रम अधिकारी कनकलता पैकरा, डॉ. बरखा सिंह सहित ने बधाई देते हुए आगामी चयन प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं दीं।

घुटरा के राष्ट्रपति नाम वाले व्यक्ति के मामले में राष्ट्रपति भवन से आया पत्र

सौरव मिश्रा की याचिका गृह मंत्रालय एवं विधि एवं न्याय विभाग को भेजी गई

मनेन्द्रगढ़। जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम घुटरा में एक व्यक्ति का नाम राष्ट्रपति होने से जुड़े प्रकरण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए संवैधानिक पदों और राष्ट्रीय गरिमा से जुड़े नामों के उपयोग को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की मांग की है। इस संबंध में सौरव मिश्रा द्वारा भेजी गई याचिका पर राष्ट्रपति सचिवालय से कार्रवाई संबंधी पत्र जारी हुआ है। याचिका को भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं विधि एवं न्याय विभाग के ध्यानार्थ भेजा गया है।

सौरव मिश्रा के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय में भी इस विषय पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने अपनी याचिका में छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम घुटरा के एक व्यक्ति का उल्लेख किया है, जिसका नाम राष्ट्रपति है। याचिका में बताया गया है कि संबंधित व्यक्ति को अपने नाम के कारण बैंकिंग कार्यों, सरकारी अभिलेखों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में भ्रम एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस प्रकरण को आधार बनाते हुए सौरव मिश्रा ने केंद्र सरकार के समक्ष एक व्यापक नीतिगत विषय उठाया है। उनका कहना है कि संवैधानिक पदों एवं राष्ट्रीय गरिमा से जुड़े शब्दों का व्यक्तिगत नाम के रूप में उपयोग कुछ परिस्थितियों में व्यावहारिक एवं प्रशासनिक समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है। इसलिए इस विषय पर स्पष्ट नीति और कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में नागरिकों को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को भेजा गया था पत्र-

सौरव मिश्रा ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को अलग-अलग पत्र भेजकर केंद्र सरकार से आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया था। अपनी याचिका में उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श करे तथा आवश्यकता के अनुसार ऐसा विधेयक अथवा कानूनी प्रावधान लाए, जिसमें संवैधानिक पदों एवं राष्ट्रीय गरिमा से जुड़े नामों के उपयोग के संबंध में स्पष्ट नीति निर्धारित की जा सके। याचिका में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा भारत जैसे नामों का उल्लेख करते हुए इनके उपयोग से संबंधित नियमों को स्पष्ट करने का आग्रह किया गया है।

ओबीसी समाज का आज होने वाला आंदोलन स्थगित

रामानुजनगर। जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ने तथा जातिवार एवं उपजातिवार गणना सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 15 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन, विशाल रैली एवं कलेक्ट्रेट परिसर घेराव कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसकी जानकारी सर्व ओबीसी महासभा के प्रांतीय महामंत्री नरेश राजवाड़े ने दी है। जारी सूचना के अनुसार शारदीय नवरात्रि एवं विजयादशमी उत्सव को ध्यान में रखते हुए समाज के वरिष्ठ जनों, पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद कार्यक्रम स्थगित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया है।

खरवत चेरवापारा में जसगीतों से झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

श्री श्री 108 श्री दुर्गा पूजा आयोजन समिति खरवत चेरवापारा बैकुंठपुर में सरगुजा जसगीत सम्राट लोक गायक एमडी महंत एवं लोग गायिका तारा देवांगन के द्वारा खूब भक्ति गीतों से मचाई धूम और दुर्गा पूजा आयोजन समिति चेर बैकुंठपुर में सुप्रसिद्ध गायक संजय सुरीला स्टार नाइट एवं लोक गायिका शशि लता ने अपनी भक्ति गीत संगीत से खूब झूमाया और रंगारंग शानदार जगराता प्रस्तुति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष और समाज सेवक अशोक जायसवाल शामिल हुए।

धान पकने के समय किसानों की बढ़ी चिंता

बिहारपुर में 12 हाथियों ने मचाया उत्पात फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज : बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार तीसरे दिन भी जारी है। बीती रात 12 हाथियों के दल ने ग्राम महूली सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने खेतों में लगी धान की फसल को खाकर और रौंदकर चौपट कर दिया। घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। विभाग ने नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाने की बात कही है।

वन विभाग के मुताबिक छह हाथी कोरिया जिले की ओर से बिहारपुर क्षेत्र में पहुंचे हैं, जबकि छह अन्य हाथी प्रतापपुर-रमकोला क्षेत्र की ओर से यहां आए हैं। बाद में दोनों दल एक साथ हो गए, जिससे क्षेत्र में 12 हाथियों का झुंड सक्रिय हो गया।



एक हाथी के कई महीनों से झुंड से अलग रहने की भी जानकारी सामने आई है। वर्तमान में 12 जंगली हाथी परसा, महूली और रोहीना पहाड़ के जंगलों में डटे हुए हैं। वन विभाग के अनुसार शाम ढलने के बाद हाथियों के महूली, जुड़वनिया, कछवारी, करौटी, चोंगा, रामगढ़ और कोल्हुआ सहित आसपास के गांवों की ओर जाने की आशंका है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बिहारपुर क्षेत्र में इन दिनों धान की फसल पककर तैयार होने की स्थिति में है। कई खेतों में धान पकने लगा है। ऐसे समय में हाथियों के पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों के दौरान हाथियों ने क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। महूली के किसान महावीर खेरवार की धान की फसल को नुकसान पहुंचने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई है। विभाग ने क्षतिपूर्ति देने की बात कही है।

इस संबंध में बिहारपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर मेवालाल पटेल ने बताया कि कोरिया जिले की ओर से छह तथा प्रतापपुर-रमकोला की ओर से छह हाथी पहुंचे हैं। दोनों दलों के एक साथ आने के बाद 12 हाथी क्षेत्र में सक्रिय हैं। फिलहाल हाथियों की मौजूदगी परसा, महूली और रोहीना पहाड़ के जंगलों में है। आसपास के गांवों में हाथियों के पहुंचने की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

उदयपुर क्षेत्र में हाथी लगातार पहुंचा रहे फसलों को नुकसान

अंबिकापुर। सरगुजा के उदयपुर में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण करने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। समय समय पर हाथियों के जंगल से निकलकर मुख्य सड़क पर आने हादसे का डर भी बना हुआ है। इस बीच हाथियों की मोजूदगी से रामनगर व आस पास के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है। बता दें कि जिले के उदयपुर क्षेत्र में वर्तमान में 26 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी वर्तमान में रामनगर क्षेत्र में मौजूद है और किसानों की धान की फसलों को खाने के साथ ही नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल दिन के समय कर्मकठरा जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी जजगी से मतरिंगा मार्ग पर सड़कों पर घुमते हुए नजर आ रहे है। हाथियों की मौजूदगी और फसलों के नुकसान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

